भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1574
उत्तर देने की तारीख 27 नवम्बर, 2019

दादरा और नागर हवेली में दूरसंचार सुविधएं

1574. श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकरः

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दादरा और नागर हवेली के जनजातीय और पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए दूरसंचार सुविधाएं उपलब्ध है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या पहाड़ी क्षेत्रों में टॉवर लगाने के लिए व्यवस्थाएं की गई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान पहाड़ी क्षेत्रों में कुल कितने दूरसंचार उपभोक्ता हैं;

उत्तर

संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री रविशंकर प्रसाद)

(क) से (घ): जी, हां। वर्ष 2019 में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) एवं दूरसंचार विभाग (डीओटी) की क्षेत्र इकाइयों से एकत्र किए गए आंकड़ों के अनुसार, दादरा एवं नागर हवेली के बसावट वाले गाँवों में मोबाइल सेवाएं उपलब्ध हैं। दादरा एवं नागर हवेली में कुल 802 बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) विकरणरत है और दूरसंचार सेवाएँ उपलब्ध करा रहे हैं।

(ड.): भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (टीआरएआई) ने उल्लेख किया है कि प्राधिकरण के पास दादरा एवं नागर हवेली के आदिवासी एवं पहाड़ी क्षेत्रों से संबंधित विनिर्दिष्ट आंकड़े नहीं हैं। तथापि, दादरा एवं नागर हवेली में पिछले तीन वर्षों के दौरान वर्ष-वार बेतार एवं वायरलाइन उपभोक्ताओं की कुल संख्या की वर्ष-वार जानकारी नीचे दी गई है:

जारी......2...

संघ राज्य क्षेत्र	31 मार्च, 2017 तक		31 मार्च,2018 तक		31 मार्च,2019 तक		30सितंबर,2019 तक	
	बेतार	वायरलाइन	बेतार	वायरलाइन	बेतार	वायरलाइन	बेतार	वायरलाइन
दादरा एवं	608,434	3,880	646,149	3,990	582,616	4,076	442,786	1,995

नागर हवेली								
कुल	612,314		650,139		586,692		444,781	

******